हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 24 मार्च 2025



तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20. 0 डिग्री

4 नवरात्र पर्व को लेकर देवी मंदिरों में चल रहा साफ-सफाई व रंग रोगन का काम



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सोमवार 24 मार्च को प्रातः 11 बजे 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में कैंप का आयोजन किया जा रहा है।
जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में टैंगो सिक्युरिटी सर्विसेस प्रा.लि. रायपुर द्वारा सुरक्षा गार्ड के 60 एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के 5 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षा गार्ड के लिए 10वीं एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए 12वीं शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों का कार्यक्षेत्र रायगढ़ एवं खरसिया रहेगा। सुरक्षा गार्ड के लिए वेतनमान 14500 रुपए से 18000 रुपए एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए 18000 रुपए से 20000 रुपए निर्धारित की गई है। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 को

**जांजगीर-चांपा।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 30 मार्च (रविवार) को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर में आयोजित किया गया था। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास ने बताया कि उक्त संस्था को परिवर्तन करते हुए उनके स्थान पर (बीटीआई चौक) प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) जांजगीर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। शेष शर्तें यथावत रहेगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जांजगीर एवं सक्ती जिले से प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण उपरांत पात्र विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जारी किया गया है। प्रवेश पत्र का वितरण 24 मार्च से 28 मार्च तक कार्यालयीन समय में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जांजगीर-चांपा से किया जाएगा। परीक्षा में विद्यार्थियों को फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ परीक्षा में उपस्थिति होना अनिवार्य है।

### चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभिक ब्रीफिंग में उपस्थित होना अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 4 से 12 दिसंबर तक आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का परिणाम 22 मार्च को घोषित कर दिया गया है, जो कि इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे। यह परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यार्थियों को 24 मार्च को सुबह 6.30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय किकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है वहां प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना जरूरी है। इन सभी सफल अभ्यार्थियों की ट्रेनिंग 1 मई से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू होगी। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। दलालों से सावधान रहें।

### संगीतमय माता परमेश्वरी महापुराण कथा यज्ञ 30 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के देवांगन पारा के सामने गुड़ी चौक पर संगीतमय माता परमेश्वरी कथा यज्ञ महापुराण का आयोजन रविवार 30 मार्च दिन से आयोजित गया है। कथावाचक किशन राव चांपा वाले होंगे। समापन शनिवार 5 अप्रैल को होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर समस्त देवांगन समाज किकिरदा के लोग जुटे हुए हैं।

### उल्लास नवभारत कार्यक्रम कई केन्द्रों में छाई रही विरानी

# साक्षरता दर बढाने के चक्कर में आंकड़ों की कर रहे जादुगरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता दर बढाने को लेकर विभाग आंकडो की जादुगरी करने में लगा हुआ है। कई केन्द्रों में परीक्षा को लेकर विरानी देखी गई तो कही स्कूलों मे ताला लटका नजर आया। जिसके चलते कई असाक्षर आज भी शिक्षा की मुख्य धारा से नही जुड पाए है।

गौरतलब है कि असाक्षर लोगों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने को लेकर रविवार 23 मार्च को जांजगीर चाम्पा जिले के 336 ग्राम पंचायत अंतर्गत 481 गांवों में परीक्षा महाअभियान को लेकर केन्द्र बनाए गए थे। वहीं इसके लिए 587 पर्यवेक्षको की डयुटी भी लगाई गई थी। वास्तविकता देखा जाए तो विभाग साक्षरता दिखाने के चक्कर में आंकडो की जादुगरी कर रहा है। कई केन्द्रों में विरानी छाई रही तो कही परीक्षा को लेकर प्राथमिक स्कूलो में ताला लटका नजर आया। बलौदा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जावलपुर के प्राथमिक शाला ठाकुरदिया पारा के प्राथमिक शाला में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा आयोजित करने की बात केन्द्र प्रभारी सुशील साहू एवं मुक्ता गुप्ता के द्वारा कही गई। इस बीच दोपहर 2 बजे केन्द्र का निरीक्षण किया गया तो पता चला कि परीक्षा महाअभियान में शामिल होने के लिए जावलपुर के करीब 25 असाक्षर लोगों ने पंजीयन कराया था। जिसके तहत परीक्षा में 20 असाक्षर लोग दिलाने के लिए पहुंचे। इस दौरान केन्द्र अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 बजे से आयोजित की गई थी। इस दौरान दोपहर 2 बजे की स्थिती मे केन्द्र में परीक्षा दिलाने वाले असाक्षर 16 असाक्षर लोग परीक्षा दिलाकर घर जा चुके है। वही संबंधित केन्द्राध्यक्ष एवं शिक्षक कांपी चेक करते नजर आए। इसी प्रकार दोपहर 2 बजकर 30 मिनट के करीब नवागढ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिवनी नैला के मुख्य मार्ग स्थित जनपद प्राथमिक शाला में ताला लटका नजर आया। जबकि विभाग के द्वारा लगभग हर गांव के प्राथमिक स्कूल को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा केन्द्र बनाने की बात भी कही गई। इसी प्रकार कई अन्य केन्द्रों मे भी इसी तरह की स्थिती नजर आयी। कुल मिलाकर देखा जाए तो विभाग आंकडो की जादुगरी करने में ही लगा हुआ है। आज भी देखा जाए तो जांजगीर चाम्पा जिले में 27 फिसदी लोग शिक्षा की मुख्य धारा से नही जुड़ पाए है।


नवागढ के पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंचे गिनती के परीक्षार्थी।


बिर्रा क्षेत्र के केन्द्र में भी कम नजर आई उपस्थिति।

#### दो हजार से अधिक रहे अनुपस्थित

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर करीब 25 हजार असाक्षर लोगो ने शिक्षा की मुख्य धारा में जुड़ने को लेकर पंजीयन कराया था। जिसके तहत 22 हजार 980 असाक्षर परीक्षा दिलाने के लिए केन्द्र पहुंचे। इनमें 14 हजार 30 महिला तो वही 8 हजार 950 पुरूष पेपर दिलाने के लिए पहुंचे। जबकि 2 हजार 20 लोग पेपर दिलाने नही गए।

#### ली जाएगी जानकारी

परीक्षा महाअभियान में शामिल होने के लिए 25 हजार असाक्षरो ने पंजीयन कराया था जिसके तहत 22 हजार 980 लोग परीक्षा में शामिल हुए। केन्द्रों के विरान होने को लेकर जानकारी ली जाएगी। इसके लिए 481 केन्द्र बनाने के साथ 587 पर्यविक्षको की डयुटी लगाई थी।

**-श्रीमती विजया सिंह राठौर,**
परियोजना अधिकारी
उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम


घटना के बाद मौके पर जांच करती पुलिस की टीम । फाइल फोटो-

# दो माह बाद भी 78 लाख की लूट का नहीं लगा सुराग

### एसपी और आईजी ने की है इनाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सरकारी शराब दुकान के कलेक्शन के 78 लाख की लूट के मामले में पुलिस के हाथ दो माह बाद भी खाली है। मामले में एसपी और आईजी ईनाम की घोषणा भी कर चुके है। इसके बावजूद पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है।

गौरतलब है कि 14 जनवरी को आबकारी विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय शराब दुकानों से रोजाना बिक्री रकम कलेक्शन करने वाली कैश कलेक्शन बोलेरो गाड़ी अपने रूटीन पर निकली थी। शाम करीब 5 बजे कलेक्शन वैन जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखरा के सरकारी शराब दुकान में कैश कलेक्शन इंचार्ज और वाहन चालक शराब हिसाब करके बिक्री रकम को पेटी में भरकर लाने के लिए गए। इस दौरान सुरक्षाकर्मी शैलेन्द्र सिंह बैस गाड़ी में ही बैठा था। इसी दोरान मोटरसायकल में सवार दो अज्ञात आरोपी वहां पहुंचे। उन्होंने पिस्टल निकालकर गाड़ी के दरवाजे पर तैनात सुरक्षाकर्मी शैलेन्द्र सिंह पर सीधे फायरिंग कर दी। गोली उसके पैर में लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी गाड़ी में रखे 78 लाख रुपए से भरे एक पेटी को उठाकर भाग निकले। मामले में पुलिस ने जांच के लिए कई टीम बनाई। आईजी संजीव शुक्ला ने भी मौके का मुआयना किया था। एसपी ने आरोपियों का सुराग बताने वालों को पांच हजार तो आईजी ने 25 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की है। इस सबके बावजूद अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। इस संबंध में एडिशनल एसपी उमेश कश्यप ने बताया कि पुलिस मामले की पतासाजी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

## जल संकट से निपटने की कवायद...


**जांजगीर-चांपा।** गर्मी में होने वाले जल संकट से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा तालाबों को नहरों के माध्यम से भरा जा रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर के भीमा तालाब को भी भरने की कवायद इन दिनों की जा रही है। फोटो : हरिभूमि

### बिजली हाफ रहने से विद्यार्थी ग्रामीण हो रहे परेशान

**गोधना।** केरा सब स्टेशन के अंतर्गत विद्युत चलित गांव गोधना में बिजली हाफ रहने से लोग एवम 12वीं बोर्ड के परीक्षार्थी परेशान रहे। रविवार शाम को डेढ़ से 2 घंटे के लिए बिजली हाफ रहा जिससे ग्रामीण एवं परीक्षार्थीगण परेशान थे। वही सोमवार को कक्षा 12वीं के जीव विज्ञान एवं अर्थशास्त्र का पेपर भी होना है जिसके लिए बच्चे तैयारी में लगे थे लेकिन गांव में बिजली हाफ रहने से उन्हें तैयारी करने में दिक्कत और कई सारी परेशानी हुई। ग्रामीण भी गर्मी और मच्छर से परेशान थे ।गौरतलब है कि तीन सप्ताह पहले छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा शुरू होने के पहले भी गांव में बिजली की व्यवस्था खराब हो गई थी। बिजली विभाग मेंटनेंस कार्य को सही ढंग से नहीं कर रहे हैं और लोगों को हाफ बिजली की समस्या से गुजरना पड़ रहा है। वही अभी कॉलेज के छात्रों का भी वार्षिक पेपर हो रहा है वह भी परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं लेकिन बिजली की समस्या से वह भी परेशान रहते हैं ।वहीं बिजली विभाग द्वारा भी इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।ऐसे में स्कूल और कॉलेज के बच्चों के भविष्य से बिजली विभाग खिलवाड़ कर रहे हैं।

### लोहर्सी में नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत पुराण यज्ञ 30 से

**लोहर्सी।** मां रक्त मौली सेवा कल्याण समिति एवं समस्त ग्रामवासी लोहर्सी के तत्वाधान में नौ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत पुराण यज्ञ का आयोजन कथा स्थल मां रक्तमौली देवी प्रांगण लोहर्सी में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित होगा। श्रीमद् देवी भागवत पुराण की कथा वाचिका सुश्री आकृति तिवारी लोरमी पड़रिया वाली होंगी । वहीं कथा का रसपान श्रद्धालुओं को शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक कराया जाएगा। वही गांव में इस प्रकार के धार्मिक कथा के आयोजन होने पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

# बिजली बिल जमा करने करनी पड़ती है मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- एक एटीपी मशीन के भरोसे शहर के 13 हजार उपभोक्ता

जिला मुख्यालय जांजगीर में एक एटीपी मशीन के भरोसे शहर के 13 हजार विद्युत उपभोक्ताओ को बिल जमा करना पड़ता है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिम्मेदार विद्युत विभाग के अफसर ग्राहकों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है ऐसे में नुकसान तो ग्राहकों का ही हो रहा है।

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर में विद्युत के 13 हजार उपभोक्ता है। साथ ही साथ शहर की आबादी 48 हजार है। इसके साथ ही शहर 25 वार्डों में फैला हुआ है। शहर की आबादी के हिसाब से विद्युत कनेक्शन धारी की संख्या भी लगातार बढ़ती ही जा रही है, उसके हिसाब से शहर में बिजली का बिल जमा करने को लेकर दो से तीन एटीपी मशीन लगाया जाना जरूरी है, ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा करने में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो लेकिन अब तक महज एक एटीपी मशीन के भरोसे ही बिजली बिल जमा करने की व्यवस्था संचालित हो रही है। जिसके चलते ग्राहकों को बिजली का बिल जमा करने में घंटा इंतजार करना पड़ता है। जबकि 2 से 3 एटीपी मशीन लग जाने में ग्राहकों की सुविधा और भी बढ़ सकती है। हालांकि बदलते समय के साथ-साथ कई लोग ऑनलाइन माध्यम से भी बिजली का बिल जमा करते हैं लेकिन इसके बाद रसीद एवं अन्य कारणों को लेकर उपभोक्ताओं को आखिरकार विद्युत मंडल का कार्यालय आना ही पड़ता है। ऐसे में उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। एक तरफ तो विद्युत विभाग के द्वारा भी ऑनलाइन विद्युत पेमेंट चॉइस सेंटर एवं आधार सेंटर के माध्यम से भी बिजली का बिल जमा करने की व्यवस्था तो बनाई गई है, लेकिन इसके बाद भी देखा जाए तो उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा करने में घंटा इंतजार करना पड़ता है। इस तरह की स्थिति जिला मुख्यालय जांजगीर के एटीपी सेंटर में भी देखने को मिलती रहती है। इसके अलावा चांपा, सक्ती, अकलतरा क्षेत्र के एटीपी मशीन के बाहर परिसर में बिजली का बिल जमा करने उपभोक्ताओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। जांजगीर के अलावा चांपा, सक्ती, अकलतरा आदि शहरों में भी अपेक्षाकृत कम एटीपी मशीन लगाए गए हैं, जबकि इन जगहों पर भी बिजली उपभोक्ताओं की संख्या काफी अधिक है।


एटीपी मशीन में बिजली बिल जमा करने लगी उपभोक्ताओं की कतार।

### पड़े पड़े कबाड़ हो रही दुकानें, बेरोजगारों के काम नहीं आ रहे कॉम्पलेक्स

# करोड़ों की लागत से बने अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए की लागत से बने अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो पा रहा है। शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने पंचायतों में कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है, लेकिन कई स्थानों पर दुकाने पड़े पड़े कबाड़ हो रही हैं। कई गांव में आबंटन का पेंच फँसा होने के कारण दुकाने बंद पड़ी हैं। वहीं बहुत से ऐसे भी दुकान हैं, जिनका आबंटन होने के बाद भी उपयोग नहीं किया जा रहा।

बेरोजगारों को ग्रामीण स्तर पर ही स्वरोजगार से जोड़ने करोड़ों रुपए की लागत से अटल व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, लेकिन इन परिसरों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस तरह की स्थिति बहुत से ग्राम पंचायतों में देखने को मिल रही है।

बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत कमरीद मे 8 लाख की लागत से पांच अटल व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, ताकि गांव के शिक्षित युवा बेरोजगार मोबाइल कंप्यूटर किराना दुकान पान दुकान एवं अन्य संस्थानों का संचालन कर सके, लेकिन दुकानों में ताला लटका हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पिसौद में बना अटल व्यवसायिक परिसर खाली पड़ा हुआ है। बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर में 5 लाख की लागत से बने कॉम्पलेक्स की अधिकांश दुकाने बंद हैं। यहां के व्यवसायिक परिसर भवन का उपयोग भी नहीं किया जा रहा है, जबकि गांव में शिक्षित युवा बेरोजगारों की कोई कमी नहीं है।

ग्राम पंचायत तालदेवरी में भी अटल व्यवसायिक परिसर भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत बसुला और लखुर्री में भी अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो राज्य शासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवा बेरोजगार गांव स्तर पर ही स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लाखों रुपए खर्च किये गए हैं, लेकिन योजना का क्रियान्वयन ग्राम पंचायतों में नजर नहीं आ रहा है।


अटल व्यवसायिक परिसर की दुकानों में लगा ताला।

#### आबंटन के चक्कर में नहीं आ रहा काम

अटल व्यवसायिक परिसर के उपयोग नहीं होने का सबसे प्रमुख कारण आवंटन में गड़बड़ी को माना जा रहा है। कई जगह पर ऐसे लोगो के नाम पर आवंटन हो गया है, जो दुकान चलाने में रूचि नहीं ले रहे। कई गांव ऐसे हैं जहां आवंटन होने के बाद हितग्राहियो ने दुकाने बंद कर दी हैं। अटल व्यवसायिक परिसर में छोटे बड़े दुकानों का संचालन बड़ी आसानी से किया जा सकता है। ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव के माध्यम से अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग किराए के रूप में लेकर बेरोजगार व्यापार के रूप में कर सकते हैं, लेकिन इसे लेकर जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देते हैं जिसके कारण करोड़ों की लागत से बने परिसर का उपयोग न के बराबर हो रहा है।

# भाठा में लूट की वारदात कर फरार दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

फगुरम चौकी क्षेत्र के ग्राम भाठा में लूट की वारदात कर फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में गिरोह के चार अन्य सदस्य पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार डभरा थाना अंतर्गत फगुरम चौकी क्षेत्र के ग्राम भाठा में 27 फरवरी की रात लूट की वारदात हुई थी। अज्ञात लूटेरे इनोवा गाड़ी में रोशनी जायसवाल के घर पहुंचकर कट्टा और चाकू दिखाते हुए सोने-चांदी के जेवर और नगदी रकम लेकर फरार हो गए थे। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस जांच में जुटी थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम को बिहार, रायपुर और रायगढ़ रवाना किया गया था। एक टीम ने बिहार के रोहित महतो, विक्रम दिवाकर, रंजन कुमार और रेवती कुमार चौहान को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं दूसरी टीम ने ईश्वर प्रसाद डनसेना पिता स्व. बाबुलाल डनसेना उम्र 27 वर्ष व लोकेश कुमार झरिया पिता उत्तरा कुमार उम्र 29 वर्ष को गिरफ्तार किया। दोनों फरार आरोपी बरभांवना थाना छाल जिला रायगढ के रहने वाले है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त इनोवा कार भी बरामद की गई है। लूट की वारदात को कुल 8 लोगों ने अंजाम दिया था। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है,वहीं दो अन्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।



## खबर संक्षेप



### सृष्टि महिला समाजसेवी संस्था ने छात्रों को बांटे पौष्टिक भोजन

**कोरबा**। सृष्टि महिला समाजसेवी संस्था ने शासकीय प्राइमरी स्कूल जूनाडीह में न्योता भोज का आयोजन किया। जिसमें छात्रों को संस्था की महिला सदस्यों ने पौष्टिक भोजन का वितरण किया। छात्रों के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करने न्योता भोज का आयोजन किया। साथ ही एक-दूसरे के प्रति समान भाव रखने का उद्देश्य रहा। रंग पंचमी के दिन न्योता भोज के आयोजन से छात्रों को गुलाल लगाकर पर्व मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमिला रजवाड़े, सहायक शिक्षक बिंदुलता, सृष्टि महिला समाजसेवी संस्था की अध्यक्ष गौरी चक्रवती, सचिव रागिनी तिवारी, कोषाध्यक्ष ममता मिश्रा, संगठन प्रभारी प्रमुदा मिश्रा, उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, उप कोषाध्यक्ष प्रीति शर्मा, कार्यकारी सचिव सुष्मा सिन्हा, मीडिया प्रभारी कल्पना शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

### बोईदा रासेयो इकाई ने मनाया जल संरक्षण दिवस

**कोरबा**। बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निदेशक डॉ.अशोक कुमार श्रोती, राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.नीता वाजपेयी व अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.मनोज कुमार सिन्हा व जिला संगठक वाईके तिवारी के निर्देशन में तथा प्राचार्य लखनलाल बंजारे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज जल संरक्षण दिवस मनाया गया। जल के महत्व को विशेष ध्यान में रखकर व जल के संरक्षण के उद्देश्य से इकाई द्वारा जल संरक्षण पर विस्तार पूर्वक जानकारी के साथ जल संरक्षण शपथ कराते हुए पानी के अनर्गल उपयोग को रोकने के साथ एक एक बूंद पानी को कैसे बचाया जा सके। संरक्षण संबंधी विभिन्न उपाय विधियो को छात्रों को बताया। राजेंद्र नायक ने कहा कि छात्रों के अंदर जल संरक्षण की भावना को स्थापित करके समाज के अंदर हर घर में जल जागरूकता लाया जा सकता है व पानी बचाया जा सकता है। साथ ही पानी के बचाव व सदुपयोग किया जा सकता है, जिससे भारी गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज ना हो बरसात में भी पानी के संरक्षण के उपाय बहुत जरूरी है।

### जल है तो कल भविष्य है : सिन्हा



**हरदीबाजार**। बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज जल संरक्षण दिवस मनाया गया जल के महत्व को विशेष ध्यान में रखकर व जल के संरक्षण के उद्देश्य से इकाई द्वारा जल संरक्षण पर विस्तार पूर्वक जानकारी के साथ जल संरक्षण शपथ कराते हुए पानी के अनर्गल उपयोग को रोकने के साथ एक एक बूंद पानी को कैसे बचाया जा सके एवं संरक्षण संबंधी विभिन्न उपाय विधियो को छात्रों को बताया। राजेंद्र नायक ने बताया की छात्रों के अंदर जल संरक्षण की भावना को स्थापित करके समाज के अंदर हर घर में जल जागरूकता लाया जा सकता है, व पानी बचाया जा सकता है। साथ ही पानी के बचाव व सदुपयोग किया जा सकता है जिससे भारी गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज ना हो बरसात में भी पानी के संरक्षण के उपाय बहुत जरूरी है। इस अवसर पर संजय पांडेय, वीरेंद्र कुर्रे, राजेंद्र कुमार नायक कार्यक्रम अधिकारी, सुनील कुमार मिश्रा, परमेश्वर राम मराठा, सेत कुमार सांड, श्यामा मरावी के साथ स्वयंसेवक प्रतिभा पटेल, उषा पटेल, कुसुम पटेल, बृहस्पति, अंजनी, अनीता, संजू, किरण, मुस्कान, हिना, संजनी, सुलेखा, मुस्कान, उदय कुमार पटेल, युगेश, सत्यम, ज्योति, रीना, आदित्य, लक्ष्मण, अमन, लोकेश रोशन, देवेंद्र,राकेश, नरेश एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बाल विवाह मुक्त भारत जागरुकता शिविर

**कोरबा**। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना बरपाली द्वारा बरपाली स्थित समरसता भवन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मनोज झा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, नीता यादव जनपद सदस्य बरपाली, राकेश यादव प्रवीण उपाध्याय संजू वैष्णव, तुलसी रात्रे, बाल संरक्षण अधिकारी कोरबा दया दास मानिकपुरी, परियोजना अधिकारी बरपाली कीर्ति जैन आदि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर श्रीफल व पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इसके पश्चात आगंतुक अतिथियों का आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात बाल संरक्षण अधिकारी दया दास द्वारा आओ बनाए बाल विवाह मुक्त कोरबा कार्यक्रम के तहत उनके द्वारा बाल विवाह रोक के लिए जानकारी दी गई। जनपद सदस्य नीता यादव द्वारा बाल विवाह कानून के बारे में बताया गया।

## एसईसीएल दीपका सालाना उत्पादन लक्ष्य से चल रहा पीछे

# कोल इंडिया के चेयरमैन प्रसाद ने दीपका खदान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया के चेयरमेन पीएम प्रसाद ने सालाना कोयला उत्पादन लक्ष्य से पीछे चल रहे एसईसीएल के दीपका खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एसईसीएल के सीएमडी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**खास बात**
- दीपका के सामने 10 दिनों में 8 मिलियन टन कोयला उत्पादन की चुनौती



खदान का निरीक्षण करते सीआईएल चेयरमेन व एसईसीएल सीएमडी।

कोल इंडिया के चेयरमेन पीएम प्रसाद ने सबसे पहले दीपका खदान के साइलो का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री प्रसाद ने कोयला डिस्पैच व्यवस्था की समीक्षा की। रेलवे साइडिंग पर मालवाहन और लोडिंग व्यवस्था का जायजा भी लिया। खदान के व्यू प्वाइंट से निरीक्षण के बाद श्री प्रसाद ने एसईसीएल के सीएमडी के साथ विस्थापित होने वाले दर्राखांचा क्षेत्र का भी दौरा किया। दीपका खदान वर्तमान में अपने उत्पादन लक्ष्य से पीछे चल रही है। एसईसीएल दीपका खदान को इस वित्तीय वर्ष 40 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा करना है। दीपका खदान में वर्तमान में लगभग 32 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। शेष बचे 10 दिनों में लगभग 8 मिलियन टन कोयला उत्पादन की चुनौती बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर कोल इंडिया के चेयरमेन ने अपने दौरे के दौरान दीपका में उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इसके बाद श्री प्रसाद सुवाभोड़ी पेंच पहुंचे। वहां भविष्य की योजनाओं और रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। दौरे का मुख्य उद्देश्य उत्पादन और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना था। साथ ही सल प्रबंधन में सुधार के लिए नई रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। यह प्रसाद का जिले की खदानों का दूसरा निरीक्षण दौरा है। पहले दौरे में भी उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। सूत्रों की मानें तो उनका अगला दौरा गेवरा दीपका के बाद कुसमुंडा खदान का हो सकता है।

# गंभीर रूप से बीमार कोयला कामगारों के आश्रितों ने नौकरी की मांग को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गंभीर रूप से बीमार कोयला कामगारों को मेडिकल बोर्ड द्वारा अनफिट किए जाने के बाद भी उनके आश्रितों को पिछले 8 साल से नौकरी नहीं दी जा रही है। कोल इंडिया के अपेक्स जेसीसी व मानकीकरण कमेटी में भी चर्चा के बाद गंभीर रूप से बीमार कोल कर्मियों के आश्रितों को नौकरी नहीं मिलने से आक्रोशित 722 कामगारों के आश्रित व श्रमिक संगठन के पदाधिकारी 28 मार्च को नई दिल्ली में धरना प्रदर्शन करेंगे।

**खास बातें**
- कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों में पिछले 8 सालों से नहीं मिल रही नौकरी
- 28 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित धरना में श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि होंगे शामिल

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया लिमिटेड के कामगारों को 9.4.0 स्कीम का लाभ पिछले 8 साल से नहीं मिल रहा है। सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनी के 722 कामगारों के आश्रित जंतर-मंतर (नई दिल्ली) में 28 मार्च को धरना देंगे। एक दिवसीय धरना में शामिल होने के लिये पांच राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन को भी आमंत्रित किया गया है। कोल कामगार को गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर मेडिकल बोर्ड द्वारा अनफिट किया जाता है। इसी के बाद आश्रित को नौकरी मिलती थी, जो वर्तमान में नहीं मिल रहा है। जिसकी मांग सीआईएल अपेक्स जेसीसी और मानकीकरण कमेटी में भी उठता रहा है। एनसीडब्लूए 11 बोर्ड सीआईएल में लागू हैं। एनसीडब्लूए 10वां बोर्ड की बैठक में प्रबंधन ने इस मुद्दे पर एक कमेटी का गठन किया था। जिसमें प्रबंधन व यूनियन के लोग शामिल थे, लेकिन उक्त कमेटी भी इस स्कीम को लागू नहीं करा पायी। वहीं एनसीडब्लूए 11वीं में भी कमेटी गठन के निर्णय की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया गया है, लागू नहीं किया है।

### कब लागू हुई थी नौकरी देने की स्कीम

9.4.0 स्कीम कोल इंडिया की स्थापना के साथ ही चल रहा है। यह स्कीम कोयला मजदूरों के राष्ट्रीय कोयला समझौता (एनसीडब्लूए) के तहत लागू किया गया था। सीआईएल के अंतर्गत काम करनेवाले कामगार गंभीर बीमारी से पीड़ित होते हैं, तो उनके आश्रित को नौकरी दिया जायेगा। कोल कामगार गंभीर रूप से बीमार होने पर मेडिकल रिपोर्ट संबंधित विभाग में जमा करते थे। मेडिकल बोर्ड में इसकी जांच के बाद निर्णय पास होता था, इसी आधार पर बीमार कामगार के आश्रित को नौकरी दी जाती थी।

### वर्ष 2018 के बाद नहीं हुई मेडिकल बोर्ड की बैठक

वर्ष 2018 के फरवरी माह में स्टेंडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी इन कोल माइंस की बैठक दिल्ली में हुई। इसमें केंद्रीय कोयला मंत्री तत्कालीन पीयूष गोयल सभी ट्रेड यूनियन के नेता सभी सीएमडी व अन्य सदस्य शामिल हुए थे, 9.4.0 स्कीम पर सवाल उठे थे। स्वैच्छिक सेवानिवृति देने की बात सामने आई थी, लेकिन यह लाभ मेडिकल बोर्ड की बैठक के बाद देने का निर्णय हुआ था। संयोग से वर्ष 2018 के बाद मेडिकल बोर्ड की बैठक नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि स्कीम का लाभ से कामगार वंचित हो रहे हैं।

# घनी बस्तियों के अंदरुनी हिस्सों में नहीं पहुंची स्वच्छता की मेगा ड्राइव



वार्ड में पसरा कचरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में चल रहे स्वच्छता की मेगा ड्राईव अभी भी श्रमिक बाहुल्य बस्तियों के उन क्षेत्रों में नहीं पहुंच रही है जहां पर स्वच्छता की आवश्यकता बनी हुई है। प्रतिदिन बस्ती बस्ती घूमने वाले सफाई अमला के ऐसे क्षेत्रों में नहीं पहुंचने के कारण कचरों से पटी बजबजाती नालियां और कचरे के अंबार नजर आतते हैं।

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 67 वार्डों के हर हिस्सों में स्वच्छता की मेगा ड्राईव पहुंच रही है उसके बावजूद नालियों की सफाई नहीं होने और बस्तियों के अंदर क्षेत्रों में प्रतिदिन कचरा नहीं उठने की शिकायतें आने लगी है। हालांकि निगम का सफाई अमला शहर के मुख्यमार्गों से लेकर बस्तियों के घर घर गली मोहल्लों में पहुंचकर सफाई का दावा करता है। स्वच्छता सर्वेक्षण की सर्वे टीम 2024 स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु कोरबा नगर निगम क्षेत्र पिछले तीन दिनों से आ चुकी है आम लोगों को इसकी कोई जानकारी नहीं कि उनके क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण का सर्वे कार्य कराया जा रहा है नगर निगम के अधिकारियों द्वारा चोरी छुपे सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। छोटे-छोटे स्थान को उनके सामने साफ कराकर उनकी फोटो खिंचवाई जा रही है। जबकि शहर की स्थिति सफाई के मामले में बिल्कुल ही बेकार स्थिति में है।

**खास बात**
- नालियों की सफाई एवं फैले कचरों को लेकर आ रही शिकायतें

**चलेगी मेगा ड्राइव टू**

स्वच्छता की जो मेगा ड्राईव जो वन चल रही है उसके समाप्त होने के बाद निगम के बजट सत्र के बाद से स्वच्छता की मेगा ड्राईव टू चलाई जा रही है। जो शहर के उन क्षेत्रों में जाएगी जो मेगा ड्राईव वन के तहत सफाई अभियान में छूट गए हैं।

-संजय तिवारी,
स्वच्छता अधिकारी, नगर पालिक निगम

# मृतक परिवार को दिया मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर में शुक्रवार को लखनपुर बरभाटा स्थित न्यू वैष्णवी राइस मिल में दीवार गिरने से एक बड़ा हादसा घटित हुआ। इस हादसे में मलबे में दबकर 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं 6 लोगों को गंभीर चोट आई। सभी घायलों का कटघोरा के एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया। फिलहाल पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

**खास बात**
- मृतकों को एक एक लाख, गंभीर घायलों को 50-50 हजार तो अन्य घायलों को 25 हजार की दी सहायता राशि

इस घटना के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस व प्रशासन उपस्थिति से न्यू वैष्णवी राइस मिल के संचालक राकेश अग्रवाल ने मानवता दिखाते हुए दीवार गिरने से हादसे में हुए मृतक परिवार के परिजनों को 1-1 लाख की सहायता राशि व गंभीर घायलो को 50-50 हजार तथा अन्य घायलों को 25-25 हजार की सहायता राशि परिजनों को दी गई साथ ही सभी घायलों को पूर्ण स्वास्थ्य उपचार का खर्चा उठाने का पूरा भरोसा दिलाया है। इस दौरान पोंडी उपरोड़ा तहसीलदार विनय देवांगन, कटघोरा तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, अतिरिक्त तहसीलदार प्रियंका झा, पोडीउपरोड़ा नायब तहसीलदार सुमन मानिकपुरी, जनपद सदस्य लक्ष्मण डिक्सेना, सरपंच लखनपुर, नंगोई बछेरा, कापुबहरा, सुतर्रा, सिंघिया, मोहनपुर, तिलाईडांड तथा थाना प्रभारी कटघोरा धर्मनारायण तिवारी के समक्ष सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

### जांच के बाद कार्रवाई का दिलाया भरोसा

राइस मिल हादसा को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि हादसे की वजह क्या रही यह जांच का विषय है। फिलहाल राइस मिल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। राइस मिल संचालक द्वारा मृतक व घायलों को सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है साथ घायलों उपचार भी कराया जा रहा है।

# एसईसीएल दीपका की लचर व्यवस्था से नाराज ग्रामीणों ने 27 को महाआंदोलन की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

एसईसीएल दीपका क्षेत्र की अव्यवस्थाओं औरभू-विस्थापित प्रभावित रहवासियों की उपेक्षा से नाराज होकर ग्राम मालगांव के ग्रामीणों ने 27 मार्च को महाआंदोलन करने की घोषणा की है।

ग्रामीणों ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर खदान बंद और महाप्रबंधक कार्यालय के घेराव का ऐलान किया है। मांगें पूरी न होने पर खदान संचालन ठप करने की चेतावनी प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और प्रबंधन को 5 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो 27 मार्च को खदान का संचालन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा और महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आंदोलन के दौरान होने वाली किसी भी क्षति की जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और शासन-प्रशासन की होगी। ग्रामीणों की प्रमुख मांगे ग्राम मालगांव में मकानों की शेष नापी पूरी की जाए और भू-विस्थापितों को लंबित मुआवजा राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। प्रभावित परिवारों को नियमानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाए। भू-विस्थापितों के लिए सुव्यवस्थित पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाए।

### मरीज किसी भी लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से क्रय कर सकते हैं दवा

**कोरबा**। निजी अस्पतालों में इलाज हेतु जाने वाले आमजन किसी भी लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से दवाइयां कय कर सकते है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस सम्बंध में एडवाइजरी जारी करते हुए सभी निजी अस्पताल संचालकों को निर्देशित किया है कि वे मरीजो को अपने हॉस्पिटल कैम्पस में स्थित फार्मेसी से दवाइयां खरीदने के लिए दबाव नहीं बनाए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार प्राइवेट अस्पताल अपनी फार्मेसी से ही दवाएं खरीदने हेतु किसी भी मरीज पर दबाव या जबरदस्ती नहीं कर सकते है। साथ ही सभी निजी अस्पतालों में, मरीज किसी भी लायसेंस प्राप्त फार्मेसी से दवा खरीद सकते हैं, इस आशय का स्पष्ट रूप से लिखा हुआ बोर्ड लगाना अनिवार्य है।

# बारहसिंगा को रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कॉलोनी स्थित विभागीय अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक बारहसिंगा कुत्तों के डर से भागते हुए अस्पताल परिसर में जा पहुंचा। अस्पताल में बारहसिंगा जा पहुंचा। अस्पताल परिसर में बारहसिंगा को विचरण करते देख लोगों में कौतुहल का विषय बना रहा। जिसके बाद वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद वन विभाग व छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की सुयुक्त टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद बारहसिंगा का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया।

**खास बातें**
- कॉलोनी में कुत्तों की डर से भागते हुए पहुंचा अस्पताल परिसर
- वन विभाग व छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

एनटीपीसी कॉलोनी में शुक्रवार की रात एक नर बारहसिंगा जंगल से भटकता हुआ पहुंच गया।



कॉलोनी में बारहसिंगा को उछल कूद करते देख कुत्ते उसे दौड़ाने लगे। कुत्तों की डर से अपनी जान बचाकर भागते हुए बारहसिंगा एनटीपीस अस्पताल परिसर में पहुंच गया। हॉस्पिटल परिसर में बारहसिंगा के देखे जाने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग और छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए बारहसिंगा को सुरक्षित बचा लिया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की टीम में शामिल अक्षय कुमार एंथोनी, सागर साहू, रघु सिंह, विक्रम सिंह और निधि सिंह ने वन अधिकारियों के साथ मिलकर रातभर चले ऑपरेशन को सफल बनाया। बारासिंघा को किसी प्रकार की चोट नहीं आई और उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

### अधिकारियों ने जताई संतुष्टि

डीएफओ कटघोरा ने कहा कि यह ऑपरेशन वन्यजीव संरक्षण और विभागों के बीच समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमने टीम के साथ मिलकर जीव को तनावमुक्त तरीके से बचाने में सफलता पाई। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से वन्यजीवों की सूचना तुरंत देने का अनुरोध भी किया है। इस घटना से जंगली जीवों के प्रति सामुदायिक जागरूकता और प्रशासनिक दक्षता की अहमियत एक बार उजागर हुई है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल



शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल



जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
- पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल



जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,

24/7 EMERGENCY SERVICES

सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बन्धित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुंह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,

सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



# सनी की 'सफर' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज!

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के धांसू एक्टर सनी देओल इस समय एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। इस समय वो अपनी अपकमिंग एक्शन-ड्रामा 'जाट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो 10 अप्रैल के दिन रिलीज होने वाली है। अब जो लेटेस्ट रिपोर्ट्स सामने आई हैं उनके मुताबिक सनी देओल की फैमिली ड्रामा बेस्ड फिल्म 'सफर' को सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने का मन लिया है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 के अंत तक इसे ओटीटी पर रिलीज कर दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार सनी देओल की फिल्म 'सफर' में कोई एक्शन नजर नहीं आएगा। इस मूवी में सनी देओल को एक मिडिल ऐज फैमिली मैन के रोल में देखा जाएगा।

## लाइफ Style

# कियारा
## टॉक्सिक के लिए वसूली मोटी फीस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर एक्ट्रेस कियारा आडवाणी खूब चर्चा में है। एक्ट्रेस ने कुछ महीने पहले अपनी प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज फैंस संग शेयर की है। वहीं जल्द ही एक्ट्रेस यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म के लिए कियारा आडवाणी ने मोटी फीस वसूली हैं, जिसके बाद वो हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में भी शामिल हो गई है।

फिल्म 'टॉक्सिक' में कियारा आडवाणी लीड रोल प्ले करने वाली है। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए कियारा आडवाणी ने 15 करोड़ रुपये लिए हैं। कियारा आडवाणी की बढ़ती पॉपुलैरिटी को देखते हुए मेकर्स ने आसानी से एक्ट्रेस को इतनी फीस दे दी है। अब कियारा आडवाणी दीपिका-प्रियंका जितनी फीस लेने वाली एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इससे पहले प्रियंका चोपड़ा ने साउथ की फिल्म 'एसएसएमबी 29' के लिए मोटी फीस वसूली थी। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म के लिए देसी गर्ल ने 35 करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

**इन फिल्मों में आएंगी नजर :** कियारा आडवाणी अभी फिल्म टॉक्सिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' में नजर आने वाली है। कुछ दिनों पहले ऐसी रिपोर्ट आई थी कि प्रेग्नेंसी के कारण कियारा आडवाणी ने डॉन-3 करने से मना कर दिया है। अब फैंस बेसब्री से कियारा की फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। कियारा आडवाणी ने साल 2023 में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शादी की थी। अब कपल जल्द ही बच्चे का स्वागत करने वाले हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 देखने के बाद 4 घंटे तक रोई

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता-निर्देशक जेम्स कैमरून की अपकमिंग फिल्म 'अवतार 3' या 'अवतारः फायर एंड ऐश' इसी साल रिलीज के लिए तैयार है। जेम्स ने बताया कि जब उनकी पत्नी सूजी एमिस कैमरून ने पहली बार 'अवतार 3' के शुरुआती सीन को देखा, तो वह अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं और चार घंटे तक रोती रहीं। एक मैगजीन से बातचीत में कैमरून ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार अपनी पत्नी को साइंस-फिक्शन फिल्म का शुरुआती भाग दिखाया, तो वह भावुक हो गईं।



# रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल का दूसरा सीजन 23 तक

**मुंबई।** महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ अभिनेत्री शबाना आजमी ने रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के अपकमिंग सीजन में फेम लेंस कैटेगरी का आयोजन किया। इस सेक्शन में दुनिया भर की महिला फिल्मकारों की असाधारण फिल्में दिखाई गईं। महिला दिवस पर आयोजित विशेष शोकेस में सिनेमा में महिलाओं की साहस, प्रतिभा और कहानी कहने की कला का जश्न मनाया गया। शबाना आजमी ने कहा, मुझे रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में 'फेम लेंस' श्रेणी के लिए बहुत खुशी हो रही है, जिसमें दुनिया भर की अद्भुत महिला फिल्मकारों की प्रतिभा का जश्न मनाने वाली इन असाधारण फिल्मों का चयन किया गया है। सिनेमा में सीमाओं को पार करने की शक्ति है। बुक माई शो द्वारा क्यूरेट रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल का दूसरा सीजन 21-23 मार्च तक चलेगा।




# 'जटाधारा' में सोनाक्षी का रौद्र रूप...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रही है। अभिनेत्री फिल्म 'जटाधारा' में नजर आने वाली है। जी स्टूडियो ने सोनाक्षी का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। यह कोई और नहीं बल्कि वेंकट कल्याण कि अपकमिंग फिल्म जटाधार है। आज मेकर्स ने सोनाक्षी सिन्हा का फर्स्ट लुक शेयर किया है जो एकदम फायर लग रहा है। पोस्टर पर नजर डालें तो सोनाक्षी के बाल बिखरे हुए हैं, माथे पर मुकुट है आँखों में गुस्सा है और हाथों में ज्वेलरी है। इस रूप में मानो वह कोई रौद्र देवी लग रही हों। बात करें फिल्म की तो इसकि शूटिंग 14 फरवरी हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के साथ सुधीर बाबू पोसानी, शिल्पा सिरोड़कर, शिविन नारंग, रैना अंजली जैसे स्टार्स नजर आने वाले हैं।



# 'पुष्पा-3' की रिलीज डेट से उठा पर्दा...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म में से एक थी। फैंस ने इस फिल्म को काफी ज्यादा पसंद किया था। पुष्पा 2 के बाद से ही फैंस को पुष्पा 3 का बेसब्री से इंतजार था। अब पुष्पा 3 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। इस खबर को सुनकर फैंस के बीच काफी ज्यादा खुशी का माहौल है। आइए जानते है कि निर्माता ने क्या बड़ा अपडेट दिया है। हाल ही में फिल्म 'रॉबिनहुड' के प्रमोशनल इवेंट के दौरान निर्माता रविशंकर ने पुष्पा 3 को लेकर चुप्पी तोड़ी है। निर्माता रविशंकर ने कहा- 'पुष्पा 3' 2028 में रिलीज होगी। यह अपडेट 'पुष्पा 2: द रूल' की सफलता के बाद आया है। अल्लू की फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म ने दुनिया भर में 1,650 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की थी।

## टीवी मसाला

# 'गुम हैं किसी के प्यार' में सीरियल छोड़ते ही हितेश की चमकी किस्मत

**मुंबई।** टीवी के चर्चित एक्टर हितेश भारद्वाज ने अपनी एक्टिंग और अंदाज से इंडस्ट्री में जबरदस्त पहचान बनाई है। हितेश भारद्वाज को आखिरी बार 'गुम है किसी के प्यार में' में देखा गया था, जहां उन्होंने रजत ठक्कर की भूमिका अदा की थी। हितेश भारद्वाज के इस किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। कुछ वक्त पहले खबर आई थी कि हितेश भारद्वाज को 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए अप्रोच किया गया है और मेकर्स संग एक्टर की बातचीत जारी है। वहीं अब एक डेली सोप के लिए हितेश भारद्वाज का नाम फिर से सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हितेश भारद्वाज को सोनी टीवी के अपकमिंग शो के लिए अप्रोच किया गया है। मेकर्स उन्हें शो में कास्ट करने के लिए बेताब हैं। हितेश भारद्वाज से जुड़े सूत्रों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा, शो में हितेश भारद्वाज को कास्ट करने के लिए मेकर्स बहुत बेताब हैं। एक्टर को ये शो ऑफर भी किया जा चुका है, लेकिन देखते हैं कि मेकर्स संग ये बातें कहां तक जाती हैं। बताया जा रहा है कि इस शो को एसवीएफ प्रोडक्शन्स के बैनर तले तैयार किया जाएगा, जिसने बंगाली भाषा में कई हिट शो दिये हैं। हितेश भारद्वाज के साथ एसवीएफ प्रोडक्शन्स हिंदी भाषी इंडस्ट्री में हाथ आजमाने की कोशिश करेंगे। हालांकि अभी तक मामले पर हितेश भारद्वाज की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। बता दें कि हितेश भारद्वाज को 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए भी अप्रोच किया गया था। शो को लेकर मेकर्स संग उनकी बातचीत जारी है, लेकिन अभी तक हितेश ने इसपर कोई कमेंट नहीं किया है।



## 'खतरों के खिलाड़ी 15' में होगी कई टीवी एक्टर की एंट्री

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोहित शेट्टी जल्द ही अपने धमाकेदार शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के साथ टीवी पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं। रोहित शेट्टी के 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए अभी तक कई सितारों को अप्रोच किया जा चुका है, जिसमें चुम दरांग से लेकर टीवी की नागिन सुरभि ज्योति का नाम भी सामने आया। वहीं अब शो से एक और टीवी एक्टर का नाम जुड़ा है, जो छोटे पर्दे पर कई धमाकेदार सीरियल्स में अहम भूमिका अदा कर चुका है। शो को हिट बनाने के लिए मेकर्स एक से एक टीवी स्टार्स को अप्रोच कर रहे हैं। चाहे वो 'बिग बॉस 18' फेम अविनाश मिश्रा हों या फिर एरिका फर्नांडिस। अब मेकर्स ने 'अनुपमा' और 'कुंडली भाग्य' से सबका दिल जीतने वाले पारस कलनावत को भी अप्रोच किया है। अगर पारस कलनावत 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बनते हैं तो ये उनका दूसरा रियलिटी शो होगा। क्योंकि इससे पहले उन्होंने 'झलक दिखला जा 10' में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।



# कॉमेडी मसाला है 'पिंटू की पप्पी', फुलटाइम पास फिल्म

**मुंबई।** सिनेमाघरों में हाल ही में डांस कोरियोग्राफर गणेश आचार्य की फिल्म 'पिंटू की पप्पी' रिलीज हुई है। फिल्म में कॉमेडी का तड़का है नए कलाकारों के साथ फिल्म मनोरंजन से भरपूर और फुल टाईमपास हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फ़ल्मि को विधि आचार्य ने प्रोड्यूस किया है, इसे शिव हरे ने डायरेक्ट किया है। हालांकि विजय राज फिल्म में स्पोर्टिंग रोल करते नजर आ रहे हैं। सुशांत थमके, जान्या जोशी ने इस फिल्म से डेब्यू किया है। फिल्म को 5 में से 3.5 स्टार दिए गए हैं।

### फिल्म की कहानी भी है बड़ी मजेदार

कहानी की बात करें तो कॉमेडी के कान्सेप्ट से इसे काफी मजेदार रखा गया है। फ़ल्मि का हीरो प्रशांत बाबू उर्फ पिंटू है। इनकी बदकिस्मती ये है कि जब भी पिंटू किसी लड़की को किस करता है, तो वह किसी और से शादी कर लेती है। फिर एंट्री होती है हीरो के मामा यानि गणेश आचार्या की जो अपने भांजे की इस समस्या को क्वालिटी के रूप में इस्तेमाल करते हैं और लड़कियों की शादी करवाने का कारोबार शुरू करते हैं। दोनों मामा-भांजा मिलकर लड़कियों की शादी करवाने का कारोबार शुरू करते हैं। इसी के साथ फिल्म आगे बढ़ती है लेकिन जब पिंटू को अपनी ही क्लाइंट से प्यार हो जाता है तो वह इसमें बुरा फंस जाता है।



# महेश बाबू के बेटे गौतम का पहला एक्टिंग वीडियो हुआ रिलीज...

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू के बेटे गौतम घट्टामनेनी का एक्टिंग वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को महेश बाबू के फैन पेज ने शेयर किया है। इस वायरल वीडियो में स्टार किड अपनी क्लासमेट के साथ परफॉर्म करते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि महेश बाबू के बेटे गौतम घट्टामनेनी ही नहीं बल्कि उनकी बेटी सितारा भी सोशल मीडिया स्टार है। वो अपनी तस्वीरों सो सुर्खियां बटोरती हैं। वीडियो में गौतम को न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में अपने क्लासमेट के साथ एक ड्रामा करते हुए देखा जा रहा है, लेकिन इस वीडियो में आवाज नहीं है, केवल गौतम के हाव-भाव फैंस को दिखाई दे रहे हैं। इस वायरल वीडियो में गौतम घट्टामनेनी एक टक्सीडो लुक में नजर आ रहे हैं। बता दें गौतम ने 2024 में हैदराबाद के इंटरनेशनल स्कूल से अपनी स्कूल की पढ़ाई पूरी की है, उन्होंने एनवायय़ू में स्नातक की डिग्री हासिल की है।




### दो पार्ट में रिलीज होगी फिल्म

महेश बाबू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म एसएसएमबी29 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कुछ दिनों पहले इस फिल्म की शूटिंग ओडिशा में चल रही थी। इस फिल्म को एसएस राजामौली निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म एक जंगल एडवेंचर फिल्म है। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म को 1000 करोड़ रुपये के बजट में बनाया जा रहा है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा भी नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट के अनुसार महेश बाबू की फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। पहला पार्ट 2027 में रिलीज होगा। वहीं दूसरा पार्ट 2029 में रिलीज हो सकता है।

# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने ठुकरा दी थी जॉन अब्राहम की 'द डिप्लोमैट', अभिनेता ने किया बड़ा खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड इंडस्ट्री के फेमस एक्टर जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' 14 मार्च के दिन रिलीज हुई थी। जॉन अब्राहम स्टारर 'द डिप्लोमैट' फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है और यह अभी अच्छी कमाई कर रही है। जॉन अब्राहम ने अपनी फिल्म 'द डिप्लोमैट' को लेकर अब एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है लेकिन 'द डिप्लोमैट' को ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने खरीदने से मना कर दिया था।

***ओटीटी को फिल्म नहीं लगी थी ठीक ' :*** जॉन अब्राहम ने खुद बताया कि 'द डिप्लोमैट' को कई ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने ऑनलाइन स्ट्रीम करने से मना कर दिया था। अभिनेता ने कहा कि उन्हें लग रहा था यह फिल्म उतनी अच्छी नहीं है। जब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने इसे खरीदने से मना कर दिया था तो स्टूडियो को भी लगने लगा था कि ठीक नहीं है। उन्होंने इसे रिजेक्ट कर बाहर कर दिया था।



### सिनेमाघरों में कर रही ताबड़तोड़ कमाई

ओटीटी को किया फिल्म की भरोसा नहीं टूटने दिया, फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म से मिले रिजेक्शन के बाद भी जॉन अब्राहम और फिल्म डायरेक्टर शिवम नायर ने सारी चीजों को साइड में रखकर उन्होंने इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया। उन्होंने फिल्म में पैसा भी लगाया। हालांकि अब जॉन अब्राहम को इस बात पर गर्व है कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को गलत साबित करने में सफल भी रही। यह फिल्म अब तक बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

# अक्षय की 'भूत बंगला' में हुई इस साउथ स्टार की एंट्री

*मुंबई। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी भूत बंगला को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब इस फिल्म में साउथ के एक्टर की एंट्री हुई है। हाल ही शूटिंग सेट से तस्वीरें वायरल हुई है। जिसमें साउथ सुपरस्टार राम चरण नजर आ रहे हैं। इस वायरल हुई फोटो में राम चरण निर्देशक प्रियदर्शन से बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित भूत बांग्ला में अक्षय कुमार, परेश रावल, वामिका गब्बी, तब्बू, राजपाल यादव, जिशु सेनगुप्ता जैसे सितारे नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार ये फिल्म 2 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।*



### इन फिल्मों में आएंगे नजर

*राम चरण भूत बंगला के अलावा आरसी 16 में भी नजर आने वाले हैं। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में राम चरण के साथ जान्हवी कपूर भी नजर आने वाली है। इसके अलावा, इसमें 'मिर्जापुर' फेम दिव्येंदु, शिव राजकुमार और जगपति बाबू जैसे सितारे भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म को वेंकट सतीश किलारू प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसके अलावा राम चरण आरआरआर पार्ट 2 में भी नजर आएंगे।*

### जयपुर में जोरशोर से चल रही शूटिंग

*इन दिनों इस फिल्म की शूटिंग जोरों से चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म की शूटिंग अभी जयपुर मेंशन में चल रही थी। अब टीम ने अपना शेड्यूल पूरा कर लिया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर इस शूटिंग से तस्वीरें वायरल हुई है। अब इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। फैंस इस तस्वीर को काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस फोटो को देखकर पता चल रहा है कि राम चरण प्रियदर्शन से किसी सीन को लेकर बात कर रहे हैं।*

23 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 3/23/2025 10:13 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### गोधना-कुकदा मार्ग का जेसीबी के माध्यम से हो रहा समतलीकरण



**गोधना।** गोधना-कुकदा मार्ग का जेसीबी के माध्यम से समतलीकरण का कार्य किया गया। इस कार्य में ग्रामीणों ने भी अपना सहयोग दिया। मार्ग का समतीकरण हो जाने से वहां आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी। आदर्श ग्राम गोधना में जेसीबी मशीन की सहायता से गोधना कुकदा पहुंच मार्ग के गड्ढों को समतल करने का कार्य किया गया। इस कार्य में ग्रामवासियों ने भी श्रमदान कर पूर्ण सहयोग दिया और सड़क सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा चंडी मंदिर के आसपास के क्षेत्र को भी समतल किया गया, जिससे वहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और रास्ता सुगम हो सके। इस अवसर पर सरपंच अजय साहू ने ग्रामवासियों से अपील की यह सड़क आपकी अपनी है, इसकी सुरक्षा और देखभाल भी आपकी जिम्मेदारी है। सभी ग्रामीण मिलकर इसे साफ-सुथरा और सुरक्षित बनाए रखें।

### बैरिस्टर अकादमी के अध्यक्ष ने राज्यपाल को भेंट की स्मारिका



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के जिला मुख्यालय जांजगीर प्रवास पर बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल मेमोरियल अकादमी के अध्यक्ष देवेश कुमार सिंह ने सौजन्य भेंटकर आजादी की 75 वीं वर्षगांठ आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर ,अविभाजित बिलासपुर जिले के अंतर्गत जांजगीर चांपा एवं शक्ति जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवन गाथा पर आधारित स्मारिका अमूल्य धरोहर की प्रति एवं भारतीय संविधान निर्माण की 75 वीं वर्षगांठ पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के समस्त संविधान निर्माताओं के तेल चित्र युक्त भारतीय संविधान एवं उसमें निहित नागरिकों के मूल कर्तव्यों को समाहित स्मृति चिन्ह भेंट किया गया जिस पर राज्यपाल ने जिले वासियों की राष्ट्र प्रेम एवं स्वाधीनता के प्रति भावना के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वीकार किया। इस अवसर पर बैरिस्टर अकादमी के अध्यक्ष देवेश कुमार सिंह ने 25 मई 1998 से जिले की स्थापना उपरांत जिले में समस्त सार्वजनिक गतिविधियों ,शासन द्वारा आयोजित एग्रीटेक कृषि मेला,बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह,शिक्षा ,खेल एवं साहित्य सेवा सहित अनेक समाज सापेक्ष सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दिया।

### भाजपा नेता बृजभूषण का कार्यकताओं ने किया स्वागत

**शिवरीनारायण।** पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सड़क मार्ग से रायपुर से शिवरीनारायण पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह के साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जुदेव भी थे। नेताद्वय के नगर सीमा में शबरी सेतु पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद स्थानीय विश्रामगृह में उन्होंने कार्यकर्ताओं से भेंट की। बृजभूषण शरण सिंह और प्रबल प्रताप जूदेव विश्रामगृह से सीधे बिलासपुर रोड स्थित आनंदमधाम आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने आनंदम धाम पीठ वृन्दावन के पीठाधीश्वर संत रितेश्वर जी से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। उनकी रिश्तेश्वर महाराज से सनातन विश्वविद्यालयऔर गुरुकुलम में जीवनपयोगी खेलों को सम्मिलित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर मल्लखंब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुटराबोड़ पामगढ़ के खिलाड़ियों ने मल्लखम्भ की सजीव और सराहनीय प्रस्तुति दी। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, आशीष सिंह जौनपुर, मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, पार्षद धर्मेन्द्र राम, विक्की सोनी, सतेन्द्र केवट, अंकुर गोयल, ललित कश्यप, विष्णु हरि गुप्ता, ईश्वरी केशरवानी, संजीव बंजारे, संदीप यादव, गौरव केशरवानी, चंदराम साहू, बुधेश्वर केशरवानी सहित बड़ी संख्या में दिल्ली, नागपुर के गुरु भाई एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निधन

#### दाऊद मेमन



**चांपा।** स्थानीय सुन्नी मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित नागरिक मस्जिद रोड निवासी दाऊद मेमन का रविवार 23 मार्च को सुबह 9 बजे बिलासपुर के एक निजी चिकित्सालय में इंतकाल हो गया। वे 52 वर्ष के थे। मरहूम मेमन अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उन्हें रविवार को सायं 5 बजे महादेव घाट स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। उनका जनाजा 4.30 बजे निवास स्थान से निकला।

## 30 से प्रज्जवलित होंगे मनोकामना दीप, मां दुर्गा के नौ स्वरूप की होगी पूजा

# नवरात्र पर्व को लेकर देवी मंदिरों में चल रहा साफ-सफाई व रंग रोगन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बासंती चैत्र नवरात्र रविवार 30 मार्च से शुरू होगा। इसके साथ ही देवी मंदिरों में आस्था के दीप जगमगाएंगे। देवी मंदिरों में जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। मंदिरों का रंग रोगन का कार्य चल रहा है। ज्योति कलश कक्ष को भी तैयार किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि में श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्वलित कराते हैं, जिसके लिए समिति के लोग रसीद काटने में जुट गए हैं। भक्त तेल ज्योति एवं घृत ज्योति के लिए भक्त रसीद कटवा रहे हैं।

नवरात्रि में पूरे नौ दिनों तक अंचल में माहौल भक्तिपूर्ण रहेगा। इसके लिए चंद्रपुर की चंद्रहासिनी, शिवरीनारायण की अन्पूर्णा खोखरा की मनकादाई, चांपा के सम्लेश्वरी मंदिर, हरदी की महामाया, मदनपुरगढ़ के मनकादाई मंदिर सहित जिले के सभी देवी मंदिरों में रंग रोगन का काम चल रहा है। वहीं समिति के सदस्य ज्योति कलश के लिए रसीद बुक लेकर श्रद्धालुओं से संपर्क कर रहे हैं। नगर के पुरानी बस्ती स्थित देवी दाई मंदिर में नवरात्र के लिए साफ-सफाई की जा रही है। नौ दिन तक चलने वाले इस पावन पर्व पर प्रमुख देवी मंदिरों में दूर-दूर से भक्तों का रेला लगा रहता है। चंद्रपुर में मां चंद्रहासिनी के दरबार में भी नवरात्रारंभ होते ही आस्था के दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे और भक्तों की कतार लगेगी। यहां भक्त लोट मारते हुए पहुंचेंगे। इसी प्रकार शिवनीनारायण की अन्नपूर्णा माता पर भी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्जवलित कराते है। महामाया मंदिर हरदी में भक्त दूर-दूर से यहां ज्योति जलवाने पहुंचते हैं। घट स्थापना होते ही मां महामाया के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगेगा। खोखरा में मां मनकादाई के दरबार में भी मनोकामना ज्योतिलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इन दिनों मंदिर और ज्योति कलश कक्षों के साफ-सफाई, रंग रोगन के साथ सजाने का काम चल रहा है। खोखरा की मनका दाई आसपास के ग्रामीणों के लिए आस्था का केंद्र है। यहां मंदिर परिसर में नौ दिन तक मेला लगेगा।



मां अन्नपूर्णा मंदिर शिवरीनारायण।

**ज्योतिकलश का महत्व**-नवरात्र के दौरान देवी मंदिरों में ज्योतिकलश प्रज्वलित कराने का विशेष महत्व है। अधिकांश लोग मन्नत मांगने के लिए देवी के दरबार में ज्योति कलश जलवाते हैं। वहीं कई भक्त मनोकामना पूर्ण होने के बाद भी कलश प्रज्वलित कराते हैं। चंद्रपुर, खोखरा और हरदी में सबसे ज्यादा ज्योति कलश जलते हैं।

### 9 दिन के बजाए सिर्फ 8 दिन होगी नवरात्रि

हिंदू धर्म मे चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। इस साल चैत्र नवरात्रि 9 दिन दिन की नही बल्कि केवल 8 दिन की पड़ी रही है, जिसकी शुरुआत रविवार 30 मार्च से होगा। इस बार हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च शाम 4 बजकर 27 मिनट से शुरू हो रहा है, जो 30 मार्च दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे मे चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च से हो रहा है, जो 6 अप्रैल को समाप्त होगी। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होने वाली नवरात्रि को चैत्र नवरात्रि कहा जाता है।

### सिवनी के संतोषी मंदिर में लगेगा मेला

नवरात्रि के पावन अवसर पर सिवनी नैला स्थित संतोषी माता मंदिर में मेला लगेगा। यहां 30 मार्च से 6 अप्रैल तक लगने वाले मेला में बड़ी संख्या में लोग पहुंचेगे। यह मेला धार्मिक आस्था, व्यापार और मनोरंजन का अद्भुत संगम होगा, जिसमें हर आयु वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास रहेगा। संतोषी माता को सिद्ध देवी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि माता की उपासना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। इस मेले में दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन, पूजन और मनोकामना ज्योति कलश जलाने के लिए आते हैं।



मार्ग में जगह-जगह बना गड्ढा एवं उसमे भरा पानी।

## हल्की बारिश से गड्ढों में तब्दील बोरदा-लोहर्सी मार्ग में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

बोरदा-लोहर्सी पहुंच मार्ग की स्थिति बदहाल हो गया है। इस रास्ते पर 100 मीटर की दूरी पर कई गड्ढे बनें हुए हैं जिनमें से होकर आसपास के गांव के लोग आवागमन करते हैं। वहीं आजकल कॉलेज के परीक्षार्थी भी इसी गड्ढे युक्त रास्ते से होकर परीक्षा दिलाने जाते हैं। वहीं बारिश हो जाने पर इन गड्ढों में पानी जमा हो गया है जिसमें स्लीप खाने का भय बना हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से भी रास्ते के निर्माण के बारे में चर्चा की हैं लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा अभी तक इस रास्ते के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव नहीं बनाया गया है। यह पहुंच मार्ग बिलासपुर मुख्य सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है इसलिए आसपास के लोग इस रास्ते का उपयोग आवागमन हेतु बड़ी संख्या में करते हैं ।

### कुकदा के गुड़ीपारा में नाली नहीं बनने से गलियों में भरा पानी

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम कुकदा के गुड़ीपारा में गलियों की स्थिति खराब है । यहां पर गली के किनारे नाली नहीं बनाया गया है जिससे वर्षा होने पर घर से निकलने वाली पानी एवं बारिश की पानी गड्ढे वाली जगह पर जमा हो जाते हैं ।वही गांव के पंचगण और सरपंच द्वारा गड्ढे में जाम हुए पानी के निकासी के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं किया जा रहा है । वहीं 5वीं ,8वीं , 10वीं और 12वीं के बच्चे ऐसे ही कीचड़ युक्त रास्ते से बोर्ड परीक्षा देने के लिए जाते हैं उनमें भी स्लीपर पर गिरने का डर बना रहता है।

## सरपंच एवं पंचों ने सीईओ को ज्ञापन सौंप कर सचिव को हटाने की मांग

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत रसेड़ा के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों के द्वारा जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे को ज्ञापन सौंप कर पंचायत सचिव को हटाने की मांग की गई है। इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि सुरेश सिंह राज एवं पंच लोकनारायण निर्मलकर ने बताया कि ग्राम के सचिव के द्वारा गांव के लोगों को आवास दिलाने के नाम पर उनसे पैसों की मांग किए जाने की लगातार शिकायत मिल रही है। पंचायत के व्हाट्सएप ग्रुप में सचिव के द्वारा पंचायत के निर्वाचित सदस्यों से अभद्र भाषा में बात किया जाता है साथ ही उन्हें अपनी राजनीतिक पहुंच का रौब दिखाकर भयभीत किया जाता है। सरपंच जानकी देवी राज, उपसरपंच प्रभु कुमार निर्मलकर, पंच गण लोक नारायण निर्मलकर, प्रफुल ओग्रे, सीमा निर्मलकर, सोनमती साहू, संजय दास, प्रीति यादव, कामनी निर्मलकर, कांति चंदन, पन्नू लाल निर्मलकर, अनीता राज, ओमप्रकाश निर्मलकर, छत्तू नेताम, सागर निर्मलकर, चंद्रकांता निर्मलकर, गोविंद कौशिक, माधुरी नेताम, प्रकाश कुमार राज, राम बाई पटेल द्वारा जिला पंचायत के सीईओ गोकुल रावटे से सचिव के विरुद्ध शिकायत करते हुए अविलंब ग्राम रसेड़ा से हटाए जाने की मांग की गई है। नहीं हटाए जाने की स्थिति में पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं आंदोलन करने की बात कही गई।

## धूमधाम से मनाया जाएगा हिन्दू नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- हिंदू नव वर्ष मनाने के लिए समिति की बैठक आयोजित

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू नव वर्ष को धूमधाम, हर्षोल्लास एवं भव्य रूप से मनाने के हिन्दू नव वर्ष आयोजन समिति अकलतरा की बैठक श्री राम कुटी मन्दिर अकलतरा में सम्पन्न हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि हिंदू नव वर्ष की शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ माँ महामाया मन्दिर से प्रारंभ होकर नगर के सभी मुख्य मार्गो से होते हुए गुजरते हुये श्री राम चौक में भंडारा प्रसाद के आयोजन के साथ समापन होगी। आयोजन समिति के द्वारा हिंदू नव वर्ष के दिन सभी नगरवासियों से अपने घरों मे दीप प्रज्वलन करने व रंगोली बनाने का आग्रह करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर के विभिन्न जाती धर्म के लोग इक्कठे हुए व उनके द्वारा रैली को भव्य रूप प्रदान करने में हर सम्भव मदद किये जाने की बात कही गयी। नगर के विभिन्न चौक चौराहों पर अलग अलग संस्था,समाज व व्यक्तियों द्वारा रैली का स्वागत किए जाने का निर्णय भी लिया गया। नव वर्ष आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने नगर व आस पास के सभी लोगो से शोभायात्रा में सपरिवार भाग लेने की अपील की गई है। बैठक मे अनिल दुबे, दशरथ नामदेव, प्रफुल्ल देवांगन, रोहित सारथी ,मनोज मिश्रा, भोजराज शर्मा, आशीष प्रसाद ,पुरुषोत्तम नामदेव,दिनेश दास, पिंटू बरेठ, गोवर्धन साहू, हितेश पालीवाल ,निगम सिंह बैस कान्हा अग्रवाल, क्षितिज सिंह, श्यामाचरण चौधरी,मृत्युंजय चौधरी , संजीव सिंह , सुनील सिंह,रामेश्वर मरकाम,छोटेलाल यादव एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।



बैठक में विचार विमर्श करते समिति के लोग।

### स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सिविल सर्जन का पक्ष लेने से बिफरे जांजगीर चांपा विधायक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने ध्यानाकर्षण के जरिए जिला अस्पताल जांजगीर के प्रभारी सिविल सर्जन द्वारा अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार के मामले को उठाते हुए पूरे मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को जमकर घेरा। मामले में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सिविल सर्जन का पक्ष लिए जाने पर जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने उन्हें चेतावनी देते हुए यहां तक कहा कि भविष्य में वहां पर अव्यवस्था फैलेगी तो उसके लिए संपूर्ण जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार और माननीय मंत्री महोदय की रहेगी। अगर पूरे कर्मचारी छोड़ कर जाते हैं तो उसकी पूरी जिम्मेदारी मंत्री की रहेगी। जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने ध्यानाकर्षण के जरिए सवाल उठाते हुए कहा कि जिला अस्पताल जांजगीर के कर्मचारी, नर्स एवं समस्त डाक्टर वहां पदस्थ प्रभारी सिविल सर्जन को हटाने की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। जिला अस्पताल जांजगीर के स्टाफ एवं नर्सो सहित डॉक्टरों ने जिला कलेक्टर एवं डायरेक्टर से उक्त प्रभारी सिविल सर्जन की मनमानी एवं दुव्र्यवहार की शिकायत की है। मंत्री के द्वारा संचालक हेल्थ एवं सचिव को निर्देशित करते हुए 7 दिवस के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है।

## श्रीराम नवमीं पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

श्रीराम नवमी महोत्सव आयोजन समिति, चांपा के तत्वावधान में श्रीराम नवमी आयोजन को लेकर एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में इस बार की शोभायात्रा को और भव्य बनाने पर चर्चा की गई। आयोजन समिति ने निर्णय लिया कि इस वर्ष 6 अप्रैल, रविवार को शाम 4 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा में विशेष आकर्षण के रूप में जीवंत झांकियां शामिल होंगी, जो रामायण के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेंगी। यह शोभायात्रा चांपा नगर में आठवीं बार निकाली जाएगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी शोभायात्रा रेलवे स्टेशन (टैक्सी स्टैंड) से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए परशुराम चौक स्थित हनुमान मंदिर तक पहुंचेगी। यहां महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। शोभायात्रा का नगरवासियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। साथ ही, भव्य आतिशबाजी भी इस आयोजन का हिस्सा होगी। आयोजन समिति ने बताया कि शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी भक्तों के लिए सफेद कपड़े पहनना अनिवार्य रहेगा। बैठक में नगरवासियों ने निर्णय लिया कि पूरे चांपा नगर को भगवामय किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शोभायात्रा में भाग लें और श्रीराम नवमी महोत्सव को सफल बनाएं।

**श्रीराम भक्तों में उत्साह**- शोभायात्रा की तैयारी को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। हर साल की तरह इस बार भी भक्तों को भव्य और उल्लासमय आयोजन का अनुभव होगा।



बैठक में चर्चा कर रुपरेखा तेयार करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

### केशरवानी वैश्य नगर सभा चांपा का सामाजिक मिलन समारोह 26 को

**चांपा ।** कोसा कांसा और कंचन की पावन नगरी चांपा में केशरवानी वैश्य कल्याण समिति चांपा के द्वारा नगर के गुप्ता/केशरवानी समाज के परिवारों का एक सामाजिक मिलन और होली मिलन का आयोजन आगामी 26 मार्च बुधवार को किया जावेगा। इसके लिए समाज के ऊर्जावान पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।संगठन के अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता ने बताया कि चांपा नगर में 100 से अधिक केशरवानी परिवार निवासरत हैं, और सभी का मिलना जुलना परिचय और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाता है। इस होली मिलन समारोह को एक सामाजिक मिलन समारोह के रूप में भी देखा जा रहा है जिसमें समाज के सभी पुरुष महिलाएं और बच्चे सपरिवार शामिल होंगे और एक दूसरे से मेल मुलाकात होगा साथ ही कई सामाजिक मुद्दों पर चर्चा भी होगी जिसमें प्रमुख रूप से सामाजिक गतिविधियों में तेजी लाना, महर्षि कश्यप जी की जयंती का आयोजन, समाज का अपना स्वयं का एक केशरवानी भवन हो उसके लिए वरिष्ठजनों से बातचीत कर मार्गदर्शन लेना साथ ही बच्चों के लिए कई आकर्षक खेल और पुरस्कार वितरण साथ ही इच्छुक महिलाओं और बच्चों को गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत करने का भी अवसर मिलेगा।

### महा आरती एवं कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा भक्त माता कर्मा की जयंती

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पेंड्री के साहू समाज भवन में मंगलवार 25 मार्च को सुबह 11 बजे से महा आरती एवं कलश यात्रा के साथ संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। आयोजन के संबंध में ग्राम पेंड्री के अंतराम साहू ने बताया कि मंगलवार 25 मार्च को सुबह 11 बजे साहू समाज भवन पेंड्री में महा आरती एवं कलश यात्रा के साथ संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद करमा नृत्य जस जागरण झांकी पार्टी कोरबा के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। उसके बाद सामाजिक बंधुओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर साहू समाज पेंड्री के लोग जुटे हुए हैं।

24 मार्च 2025 विश्व क्षय दिवस
Yes! We Can End TB: Commit, Invest, Deliver
टीबी रोगी के खाँसने पर टीबी रोग का संक्रमण होता है, इसलिए खाँसते समय मुँह को ढक कर खाँसे
टीबी का इलाज बीच में अधूरा न छोड़े इलाज अधूरा छोड़ने से ड्रग रेसिस्टेंट टीबी हो सकती है
टीबी का ईलाज डॉट्स पद्धति से निःशुल्क किया जाता है।
ईलाज अवधि के दौरान शासन द्वारा निक्षय पोषण योजना अंतर्गत प्रतिमाह 1000/- की सहायता राशि मरीज के खाते में डीबीटी की जाती है।
जन-जन का रखें ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान
टीबी हारेगा, देश जीतेगा
अधिक जानकारी हेतु नि-क्षय संपर्क हेल्पलाइन नंबर 1800-11-6666 (टोल फ्री) पर संपर्क करें
जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

## विश्व जल दिवस के अवसर पर सतनाम भवन में जन जागरूकता सम्मेलन

# जंगल काटने से बांध का अस्तित्व हो जाएगा खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च को पामगढ़ के सतनाम भवन में जन जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग क्षेत्र से लोग पहुंचे। सम्मेलन में आए अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। सम्मेलन की शुरुआत जल संरक्षण की शपथ दिलाकर की गयी।

सम्मेलन में सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथि गौरी छोटू जांगड़े अध्यक्ष नगर पंचायत पामगढ़ ,डॉ चैतराम खटकर, विनय गुप्ता, प्रथमेश सविता, दिनेश शर्मा पर्यावरण विद्, राधेश्याम शर्मा, दुर्गेश्वर तिवारी अधिवक्ता, अभिषेक मिश्रा, मनोज खरे अधिवक्ता, श्रीमती मिथिलेश ललित बघेल, इंजीनियर डीआर रात्रे, ठंडाराम गिरी तथा उपस्थित नागरिकों को कार्यक्रम संचालन कर रही विशिष्ट अतिथि पर्यावरण एक्टिविस्ट काजल कसेर द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। बिलासपुर से पहुंचे हसदेव नदी जंगल बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ता प्रथमेश सविता ने हसदेव आंदोलन को पूरे क्षेत्र में विस्तार देने के लिए पामगढ़ सहित आसपास के सभी गांव में संगठन निर्माण की बात कही। जांजगीर से आए पर्यावरण विद् दिनेश शर्मा ने आंकड़ों सहित अपनी बात रखते हुए कहा कि बांध जो अभी 18 प्रतिशत सिल्ट से भर चुका है। हर 20 वर्ष में 10 प्रतिशत सिल्ट भरती है । यदि जंगल कटाई नहीं रोकी गई तो सिल्ट भरने की रफ्तार कई गुना बढ़ जाएगी, जिस बांध से तीन फसलों के लिए पानी देने का वादा था आज दूसरी फसल के लिए भी पानी देने की सरकार की कोई प्लानिंग नहीं है मैनेजमेंट में कमी है। राधेश्याम शर्मा सहित अतिथियों ने भी अपने विचार रखें। सभा में उपस्थित नागरिकों ने हसदेव के जंगलों को बचाने के लिए दृढ़ संकल्प लिया। तत्पश्चात रैली निकाल कर कार्यक्रम संपन्न की गई। इस अवसर पर लव तिवारी, रामनाथ जितपूरे, डॉ हेमंत कश्यप, केबी यादव, पवन मित्तल, राहुल राय ,मंगल अजगल्ले परदेसी कश्यप, ईश्वर साहू, टिकेश्वर चंद्रा, अजय मिश्रा, खगेश्वर श्रीवास, साहेब लाल यादव, केदारनाथ, शिवम सिंह ,भोलाराम यादव, दिले राम साहू, संतोष कुमार साहू, भूरेलाल खन्ना ,शोभनाथ कुर्रे सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411